

नवभारत
इंदौर, सोमवार, 20 अप्रैल 2026


## एक नजर में

### रोड किनारे मिला तेंदुए का शावक, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**महू.** नाहरखेड़ा गांव के पास सड़क किनारे तेंदुए का एक शावक मिला. वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने शावक को देखकर तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही महू वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. टीम ने सावधानीपूर्वक शावक का रेस्क्यू किया और उसे अपने कार्यालय ले आई. रेंजर नयन कुमार ने बताया कि शावक काफी छोटा है. उसे फिलहाल दूध-पानी पिलाकर सुरक्षित रखा गया है और उसकी प्राथमिक देखभाल की जा रही है. प्राथमिक उपचार के बाद शावक को आगे के उपचार और संरक्षण के लिए इंदौर के चिड़ियाघर संग्रहालय भेजा जाएगा. वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि ऐसे मामलों में वन्यजीवों के करीब न जाएं और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें.

### गैंगरेप के आरोपियों की कोर्ट में वकीलों ने की पिटाई



**महू.** महू के पास बेरछा के जंगल में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस शुक्रवार को जब उन्हें महू कोर्ट में पेशी के लिए लाई, तो वहां मौजूद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा. वकीलों ने पुलिस कस्टडी में ही आरोपियों की जमकर धुनाई कर दी, जिससे कोर्ट परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी मच गई. जैसे ही पुलिस टीम दोनों आरोपियों को लेकर कोर्ट पहुंची, वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी. मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत दखल दिया और वकीलों के चंगुल से आरोपियों को बमुश्किल छुड़ाकर सुरक्षित कोर्ट रूम के भीतर ले गए. इस घटना ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं.

### विस्तारित किया जा रहा कांग्रेस का टैलेंट हंट-2026




**महू.** देश और प्रदेश स्तर पर टैलेंट हंट कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब कांग्रेस इस मुहिम को प्रत्येक जिले तक विस्तारित किया जा रहा है. इसी क्रम में इसकी शुरुआत इंदौर से की जा रही है, जहां युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का सुनहरा अवसर मिलेगा. इंदौर जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित टैलेंट हंट 2026 एक ऐसा मंच है, जहां युवा अपनी वाणी, विचार और डिजिटल कौशल के माध्यम से अपनी पहचान बना सकेंगे. इस पहल का उद्देश्य नए और उभरते हुए वक्ताओं, रिसर्चर्स और सोशल मीडिया टैलेंट को सामने लाना है, ताकि उन्हें संगठन और राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके. यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए है, जो खुलकर अपनी बात रखना चाहते हैं, जिनके पास मजबूत विचार हैं और जो सोशल मीडिया के माध्यम से समाज और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं. इस संदर्भ में टैलेंट हंट के प्रदेश प्रभारी अपूर्व भारद्वाज ने प्रेस वार्ता जानकारी दी गई. उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, चयन प्रक्रिया और आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी साझा की. उन्होंने जिले के सभी युवाओं से इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया. इस दौरान सह प्रभारी सुमित सेठ, संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. दौलत पटेल, केंटोलमेंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश दत्त पांडे, कांग्रेस नेता अमित अग्रवाल, विजय नौलक्खा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल, प्रदेश सचिव सद्दाम पटेल, राजकुमार बागड़ी, मोहन अग्रवाल, सेवादल अध्यक्ष साकिर ख़ान, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलअमन खान, शुभम जैन, विक्की कौशल आदि उपस्थित थे.

# अधिकारियों की उदासीनता के कारण कई दुकानों पर बिक रहे केमिकल वाले फल...

**पेटलावद। नगर सहित क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण कुछ दुकानों पर खुलेआम केमिकल युक्त बिक रहे। एक व्यक्ति ने अपना नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि व्यापारी फलों को जल्दी पकाने और चमकदार बनाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड और अन्य केमिकल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। इससे क्षेत्र के लोगों की सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बाजारों में आम, केला, पपीता, संतरा और अन्य फल ऐसे दिखते हैं मानो ताजा-ताजा तोड़े गए। जानकार बताते है कि केमिकल से पके हुए फल असल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।**

खाद्य विभाग और प्रशासन को इस समस्या की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। कैल्शियम कार्बाइड जैसे खतरनाक केमिकल्स से फल पकाने पर प्रतिबंध है लेकिन पेटलावद जैसे छोटे कस्बों में



बेखौफ सब कुछ चल रहा है।बताया जाता है कि गोदामों में फलों को केमिकल घोल में डुबोया जाता है या पाउडर छिड़का जाता है और कच्चे फलों को पकाया जाता है तथा जिसके बाद ऐसे फल बाजार में बिकने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे फलों से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। अब तो फल खाने और खिलाने से डर लगता है।

### एथिलीन से पकाने की अनुमति...

एथिलीन गैस से फल पकाने की अनुमति है। कैल्शियम कार्बाइड पूरी तरह प्रतिबंधित है। केमिकल युक्त फल खाने से पाचन तंत्र खराब हो सकता है। नियमित जांच, नमूने टेस्टिंग और ऐसे व्यापारि जो अवैध रूप से प्रतिबंधित केमिकल से फलों को पकाते हैं पर कार्रवाई होनी चाहिए। आज नहीं तो कल यह समस्या पूरे क्षेत्र को स्वास्थ्य संकट में डाल देगी। क्या जिम्मेदार अधिकारी अब भी चुप रहेंगे या जनता की सेहत को प्राथमिकता देंगे? फिर भी पेटलावद के ज्यादातर व्यापारी आमजन के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए ईमानदारी पूर्वक अपना काम कर रहे है फिर भी खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को समय - समय पर इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा लापरवाही बरतने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी चाहिए।



## डॉ. दादूजी महाराज संस्थान ने अमावस्या पर किया अन्नदान

**पेटलावद।** गरीबों, असहायों ओर निसहाय लोगों की सेवा का संकल्प लेकर देश के सुप्रसिद्ध डॉ दादूजी महाराज संस्थान के द्वारा निरन्तर जनसेवा के कार्यो को आगे ब?ाया जा रहा है ।इसी क्रम मे गुरुदेव डॉ दादूजी महाराज के नेतृत्व ओर मार्गदर्शन में स्थानीय गुरुभक्तों के द्वारा डॉ दादूजी महाराज संस्थान पेटलावद के बैनर तले प्रत्येक अमावस्या पर अन्नदान का आयोजन किया जा रहा है।

**बर्डीया, राम मोहल्ला में किया अन्नदान :** अमावस्या के अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने समीपस्थ ग्राम बरडिया एवं राम मोहल्ला में पहुंचकर विधि विधान से पूजन कर खिचड़ी प्रसादी अन्नदान वितरण किया ।इस पर संस्थान के सदस्यों अशोक वर्मा, सुभाषचंद्र वर्मा, मनोज पुरोहित, आर्यवर्त पत्रकार संघ के जिलाअध्यक्ष हरीश राठौर, गोपाल (गोकुल) पवार, रमेश राठौर, महेश पुरोहित, पीयूष राठौर, खुशाल हीहोर अर्जुन ठाकुर की उपस्थिति रहीं ।वही खुशाल हिहोर , सुमन सोलंकी, महेशचंद्र भटेवरा सहित आसपास के रहवासियों का भरपूर सहयोग मिला।

## राघवेंद्र रघुवंशी भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक नियुक्त



**धार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश एवं भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती की अनुशंसा पर भाजपा सोशल मीडिया विभाग प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी ने राघवेंद्र सिंह सोनू रघुवंशी को भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला संयोजक नियुक्त किया गया है । सोनू रघुवंशी पुनः जिला संयोजक नियुक्त होने पर भाजपा जिला पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामना दी। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# राजगौर ब्राह्मण समाज के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

**पेटलावद। मप्र में गत दिनो माशिम ओर सीबीएसई ने कक्षा 10 एवं 12 के रिजल्ट घोषित किए हे जिनमें प्रदेश ओर जिले के होनहार छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम देकर सफलता का परचम लहराया हे । इसी क्रम में राजगोर ब्राह्मण समाज के छात्र छात्राओं ने भी बेहतरीन परिणाम देकर अपने विधालय, ओर परिवार के साथ राजगौर ब्राह्मण समाज को भी गौरवान्वित किया हे ।**

इन सितारों में सबसे पहले नाम आता हे समाज के वरिष्ठ एवं पुलिस विभाग से रिटायर्ड श्री अमरलालजी शर्मा एवं रानीदेवी शर्मा की पोती ओर समाज के युवा,कर्मठ श्री चंद्रशेखर(चंदू जी) व श्रीमती चंदा की सुपुत्री कुमारी मनीषा शर्मा का जिन्होंने सूरज कांवेंट स्कूल राजोद से 12 की कॉमर्स संकाय में 95.2/ प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए सफलता हासिल की हे, जिन्हें स्कूल संस्थान की ओर से



सम्मानित भी किया गया हे। इसके बाद नाम आता हे राजगौर ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित परिवार की लाडली बिटिया का पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर स्व श्री राजाराम जी पुरोहित ओर श्रीमती निर्मला पुरोहित की पोती एवं समाज के युवा श्री महेश पुरोहित ओर श्रीमती नीता पुरोहित की पुत्री कुमारी हिमांकी पुरोहित का जिन्होंने सीबीएसई 10 की परीक्षा में 85/ से अधिक अंक अर्जित किए। कल्पतरू इंटरनेशनल की छात्रा कु हिमांकी को स्कूल प्रबंधन ओर स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सम्मानित किया हे,बताते चले कि हिमांकी नगर के प्रतिष्ठित श्री मनोज पुरोहित एडवोकेट ओर पत्रकार तथा श्रीमती स्नेहलता पुरोहित परियोजना विभाग एव वरिष्ठ शिक्षक श्री गोपाल पुरोहित ओर श्रीमती अर्चना पुरोहित की भतीजी हे। इसके बाद नाम आता हे समाज के वरिष्ठ स्व श्री जेठाजी एवं श्रीमती मणिबाई की पोती ओर राजस्व विभाग पेटलावद के कर्मचारी श्री कन्हैयालाल जी ओर श्रीमती अनिता पुरोहित की सुपुत्री कुमारी तनीशा पुरोहित का जिन्होंने कक्षा 10 में 60/ अंक अर्जित करते हुए सफलता हासिल की हे जिनको स्कूल प्रबंधन के द्वारा सम्मानित किया गया हे।

### इन्होंने भी लहराया सफलता का परचम

जहा एक ओर समाज की बालिकाओं ने उत्कृष्ट परिणाम दिए हे वहीं समाज के होनहार छात्रों ने भी अपनी लगन ओर मेहनत से सफलता हासिल की हे ।जिनमें समाज के वरिष्ठ स्व श्री काना एवं श्रीमती रानीबाई पुरोहित की पोती ओर पेटलावद समाज के पटेल नगर परिषद् के कर्मचारी श्री नंदलालजी एवं श्रीमती रेखा पुरोहित के पुत्र चिरंजीव विशाल पुरोहित ने कक्षा 10 में 84/ अंक अर्जित कर गौरवान्वित किया हे। वही समाज श्री लक्ष्मण जी एवं श्रीमती रानी के पुत्र चिरंजीव चेतन पुरोहित ने भी सीबीएसई 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हे, जिन्हें सैनिक स्कूल रीवा के द्वारा सम्मानित किया हे। आप सभी होनहार छात्र छात्राओं को राजगौर ब्राह्मण समाज की ओर से शुभकामनाएं ओर आपके परिजनों को बधाई।

# मंत्री निर्मला भूरिया का पोरवाड समाज ने किया भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**कुक्षी। कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया के नगर आगमन पर पोरवा? समाज द्वारा बाग बायपास स्थित देवकान टोलकाटा पर उनका आत्मीय और भव्य स्वागत किया गया।**

इस अवसर पर पोरवा? समाज महासमिति के अध्यक्ष उत्सवलाल गुप्ता उत्सव, महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती साधना अनिल गुप्ता एवं युवा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व में समाजजनों ने मंत्री को माला पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में मातृ शक्ति महिला मंडल, समाज महासमिति के पदाधिकारी एवं युवा मंडल के सभी साथी उपस्थित रहे.

कुलदेवी माताजी की टेकड़ी के जीर्णोद्धार हेतु सौंपा मांग पत्र



स्वागत के पश्चात समाज अध्यक्ष उत्सवलाल गुप्ता ने नीमच जिला प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया को रामपुरा में स्थित समाज की कुलदेवी माताजी की टेकड़ी की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने माताजी के इस पवित्र स्थान के जीर्णोद्धार और विकास कार्यों की आवश्यकता पर जोर देते हुए एक विस्तृत मांग पत्र मंत्रीजी को प्रेषित किया ।समाज की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर विकास कार्यों को गति प्रदान करेंगी। समाज अध्यक्ष ने मंत्री महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके प्रयासों से कुलदेवी स्थल का कायाकल्प त्वरित गति से संपन्न होगा।

## माही पाटीदार को 94 .2 प्रतिशत

- जेसीस स्कूल का परिणाम शानदार

**मनावर - जेसीजहायर सेकेंडरी स्कूल का इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया।**

जानकारी अनुसार 12 वीं में कॉमर्स संकाय की छात्रा माही पवन पाटीदार ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे मनावर में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

वहीं 10वीं में छात्रा इनिया अली ने 89.4फीसदी अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम रोशन किया ।इसके अलावा भी विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस शानदार उपलब्धि पर



संस्था के समिति अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, सचिव मनोहर जैन, पूर्व अध्यक्ष नारायण चौयल, सदस्यसिद्धार्थ जैन, गौरव जायसवाल, रजनीश जोहरी, विद्यालय के प्राचार्य प्रियांक प्रवासी और अन्य ने बधाई दी।

# भाई की मौत की खबर सुनते ही थम गईं बहन की सांसें

- सदमे से महिला को आया हार्ट अटैक, हो गई मौत

इंदौर. सदर बाजार क्षेत्र में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. यहां एक महिला को अपने भाई की मौत की खबर मिली, जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर सकी. सदमे के चलते महिला को भी हार्ट अटैक आया और देखते ही देखते परिवार के दो सदस्य काल के गाल में समा गए.

मृतका का नाम रंजना पति अनिल उम्र 45 साल, निवासी सदर बाजार है. पड़ौसी विकास ने बताया कि रंजना के भाई का निधन हो गया था. जैसे ही रंजना को यह सूचना मिली, वह गहरे सदमे में चली गई. भाई को खोने का गम उसे अंदर तक तोड़ गया और अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. रंजना की हालत बिगड़ते देख परिजन और पड़ोसी उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले भागे. लेकिन, दुखद यह रहा कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रंजना ने दम तोड़ दिया. चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में उसे मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों का मानना है कि रंजना को भाई की मौत के सदमे के कारण अचानक दिल का दौरा पड़ा, जो जानलेवा साबित हुआ. रंजना के पति अनिल नगर निगम में मस्टरकर्मी के पद पर कार्यरत हैं.

# शराब लेने गया, बाहर रखा 4 लाख नकद भरा बैग ले उड़े बदमाश

- चेकबुक-डॉक्यूमेंट भी रखे थे बैग में
- बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में वाइन शॉप के बाहर स्कूटी पर रखा बैग चोरी हो गया. बैग में करीब 4 लाख रुपए नकद के साथ चेकबुक और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

फरियादी हरेराम अटेरे निवासी राजनगर एक्सटेंशन ने पुलिस को बताया कि वह सुजुकी स्कूटी एमपी 09 डीएल 3899 से जा रहे थे. एमओजी वाइन शॉप के सामने स्कूटी खड़ी कर वे कुछ मिनट के लिए अंदर गए थे. इसी दौरान हैंडल पर रखा काले रंग का बैग कोई उठा ले गया. बैग में 4 लाख रुपए नकद के अलावा यूको बैंक की चेकबुक, क्रेडिट कार्ड, मकान के नोटरी पेपर्स और व्यवसाय से जुड़े जरूरी दस्तावेज रखे थे, बाहर आकर देखा तो बैग गायब था. आसपास पूछताछ के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला.

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके.

एक नजर में | मुख्य अतिथियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद और उपहार

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कृषि उपज मंडी आलीराजपुर प्रांगण में आयोजित

**आलीराजपुर । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन आलीराजपुर के कृषि उपज मंडी परिसर में किया गया। इस सम्मेलन में नगर पालिका क्षेत्र के कुल 12 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष एवं जोबट विधायक सेना पटेल, कलेक्टर नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम सहित पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने सभी नवदंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या दान योजना का लाभ अलग अलग



समाज के वर्ग के व्यक्तियों को मिलता है और इस योजना के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को इसका शत -प्रतिशत लाभ मिलता है तथा नव जीवन शुरू करने के लिए विवाह के पश्चात प्रत्येक जोड़े को 49,000 रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी, जो नवविवाहित दंपत्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी ।उन्होंने कहा कि विवाह, नव दम्पति के लिए नई जिम्मेदारी की शुरुआत होती है दोनों नव दंपतियों को एक दूसरे का और परिवार के सम्मान करते रहना चाहिए। विवाह पश्चात कन्या नव पारिवारिक वातावरण में जाती है अतः उसे घुलने मिलने के लिए पूरे परिवार का सहयोग चाहिए। साथ ही नए जोड़ों को अपने जीवन को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए अपने कौशल आधारित व्यवसाय करना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष एवं जोबट विधायक श्रीमती सेना पटेल ने नव दंपतियों को विवाह उपरांत नए जीवन में प्रवेश करने हेतु बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जो भी जोड़े पंजीयन में तकनीकी त्रुटि के कारण इस शासकीय योजना का लाभ इस बार लेने से वंचित रह गए,उन्हें अगली तिथि में अवश्य ही अवसर मिलेगा इसलिए चिंता ना करे,उनका पंजीयन अवश्यक ही होगा। उन्होंने नव दंपतियों को उनके नए जीवन में खुशी, समृद्धि से रहने का आशीर्वाद दिया।

कलेक्टर नीतू माथुर ने एक-एक कर सभी जोड़ों से मुखातिब होकर उन्हें उनके सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने जिले में इस वर्ष के प्रथम सामूहिक विवाह समारोह सम्मेलन के आयोजन होने पर कहा कि इस सामूहिक विवाह का उद्देश्य बिना आडंबर के शांतिपूर्ण विवाह करना है। उन्होंने नव विवाहित जोड़ो को कहा कि विवाह होने पर आप पूरे परिवार से जुड़ते है। एक महिला विवाहित होने पर नए घर में प्रवेश करती है वह बहुत भाग्यशाली होती है कि उन्हें नया परिवार मिलता है इसलिए दोनों परिवार का हमेशा सम्मान करना चाहिए। नव दम्पति अपनी जिम्मेदारी लेते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े। कार्यक्रम में ब्राह्मणों द्वारा गायत्री परिवार के विधि-विधान के साथ अग्नि के समक्ष सभी जोड़ों का वैवाहिक संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नवदंपत्तियों को सुखी, समृद्ध और मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती सेना पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम द्वारा नव दम्पत्तियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। अंत में सभी नवदंपत्तियों के लिए भोजन व्यवस्था भी की गई।